dk;ky;&vf/k"Bkrk] 'kf{kd fØ;k dyki

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय

कानपुर–208002

शैक्षिक सत्र 2019–20 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम (अंतिम वर्ष में अनुत्तीर्ण एवं पासआउट) के स्पेशल कैरी ओवर परीक्षायें दिनांक 21.10.2020 से होना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम (अंतिम वर्ष/पासआउट) के समस्त छात्रों हेतु स्पेशल कैरी ओवर परीक्षा के आवेदन पत्र दिनांक 10.10.2020 से विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.hbtu.ac.in पर उपलब्ध होंगे। परीक्षा देने हेतु अर्ह समस्त छात्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध परीक्षा फार्म को ऑफलाइन पूर्ण करके विलम्बतम दिनांक 15.10.2020 तक ईमेल sunilkumar@hbtu.ac.in के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। स्पेशल कैरी ओवर परीक्षा के साथ ही अंतिम वर्ष के परीक्षाफल से असंतुष्ट छात्रों की परीक्षा भी पेन्डेमिक अध्यादेश (Extraordinary Ordinance) के अनुसार सम्पादित की जायेगी।

स्पेशल कैरी ओवर परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे छात्र रू0 1000/– प्रति विषय के निर्धारित परीक्षा शुल्क को आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, आजाद नगर, कानपुर शाखा के खाता सं0 351801000518, आई0एफ0एस0सी0 कोड ICIC0003518 में ऑनलाइन जमा करने के पश्चात् दिये गये ई0मेल पर (आवेदन पत्र एवं पेमेन्ट की छायाप्रति) प्रस्तुत करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र की प्रक्रिया पूर्ण होगी।

शैक्षिक सत्र 2019–20 के स्पेशल कैरी ओवर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र परीक्षा के एक दिन पूर्व शैक्षिक क्रिया कलाप के बी0टेक0 पटल से निर्गत किये जायेंगें।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को “Notice for Special Carryover Exam 2019-20 (Only Final Year, Passout & Unsatisfied)” शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
3. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे मा0 कुलपति महोदय के संज्ञान में लाने का कष्ट करें।
6. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप